**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

# पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) श्री तेज बहादुर सिंह राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**दिनांकः-14.08.2021**

स्वतंत्रता दिवस 2021 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा जनपद सीतापुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) श्री तेज बहादुर सिंह को उनकी सराहनीय सेवा के फलस्वरूप राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया है।

राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्ति के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी.सिंह द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई है।

श्री तेज बहादुर सिंह का गृह जनपद रायबरेली है जिनका वर्ष 1987 में उपनिरीक्षक गोपनीय के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से पुलिस विभाग की सेवा में आगमन हुआ। जिनकी सर्वप्रथम सेवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी के गोपनीय सहायक के रूप में प्रारम्भ हुई। तत्पश्चात यह जौनपुर में 14 वर्ष तथा 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी में 10 वर्ष तथा वर्ष 2016 से जनपद सीतापुर में अपनी सेवाँए दे रहे है। वर्ष 2016 में श्री तेज बहादुर सिंह की प्रथम पदोन्नति निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर तथा वर्ष 2021 में पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हुई थी।

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में अपने दीर्घ सेवाकाल के दौरान बेदाग छवि, कर्मठता, गोपनीयता एवं लगन के कारण इन्हे वर्ष 2009 में सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं वर्ष 2016 में उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह जैसे पदक प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है।

**-------------0-------------**